बरेली, मंगलवार
13 मई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 06 BOTTOM

# उपचार में महत्वपूर्ण नर्सों का सम्मान

## एसआरएमएस नर्सिंग कालेज में केक काट कर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स डे

bareilly@inext.co.in




**BAREILLY (12 May):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर 12 मई को केक काट कर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया. एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने नर्सिंग छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया. उन्होंने नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के साथ समाज और अर्थव्यवस्थाओं के विकास और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी बताया. समारोह में नर्सों को सम्मानित भी किया गया.दीप प्र□वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ. अतिथियों के संबोधन और नर्सों के सम्मान के बाद 'केयरिंग हैंड्स क्लब' की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुआ. गायन, फैशन शो, एकल नृत्य, युगल नृत्य में नर्सिंग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.